न्यूज ब्रीफ

अवैध कारोबारी पर अंकुश लगाने पर जिला उपाध्यक्ष ने थाना प्रभारी को दिया धन्यवाद

सौंसर। तहसील में अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए जिला उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़ द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर सूचित किया गया था जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और अवैध धंधे पर अंकुश लगाया गया ऐसी बात को लेकर जिला उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़ पार्षद जनता जनार्दन थाना प्रभारी को धन्यवाद देकर आगे इसी तरह से अवैध धंधे पर कार्रवाई होना चाहिए और सौंसर क्षेत्र सुरक्षित शांत बना रहे ऐसी अपील थाना प्रभारी से जिला उपाध्यक्ष द्वारा की गई।

ग्रामीण शालाओं में उपहार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे छात्र

छिंदवाड़ा। जिले के चौरई विकासखण्ड की दूरस्थ अंचल की संस्थाओ में समाजसेवियों से संपर्क कर उपहार प्राप्त कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है आज शासकीय माध्यमिक शाला कौआखेड़ा में 42 बच्चों को निःशुल्क शर्ट बांटी गई। इस अवसर पर पालक गण एवम ग्रामीण उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं को हाउस ड्रेस बांट कर नवाचार किया। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष नंदलाल कहार, पंच खेमू किसनपुरिया, सुखराम उइके, पालक श्रीमती दीपिका बम्होरे, प्रधानपाठक तेजकुमार चौरिया, शिक्षक बलराम बरकोरिया, महिपाल जवारकर, संजय वर्मा, सुधीर यादव ने उपस्थित माताओं-पालकों की उपस्थिति में बच्चों को शर्ट का वितरण किया। सर्व प्रथम सभी का बाल कैबिनेट द्वारा तिलक व टोपी लगाकर सम्मान किया। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला मोघर में 23 बच्चों को टी-शर्ट का वितरण शिक्षिका श्रीमती सावित्री उइके व पंकज विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पालकों को अवगत कराया कि वह बच्चों के शिक्षण में कैसे सहायता दे सकते है एवम बताया गया कि प्रारंभिक आयु में बहुत ही ज्यादा देख रेख की जरूरत है। बच्चों को ड्रेस मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल गए।

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

छिंदवाड़ा। पेंचवल्हेली शासकीय महाविद्यालय परासिया के तत्वावधान में 15 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता परासिया में प्रारंभ हुई। उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नन्दिता त्रिवेदी, डॉ. नीलेश मेश्राम, सौमित्र द्विवेदी, शरद स्टीफन, डॉ. जीएसआर नायडू, डॉ. अजय सिंह ठाकुर, पहला मैच शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा एवं शासकीय महाविद्यालय सौंसर के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सौसर ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में पांढुर्णा ने 7 विकेट खोकर 152 रन ही बना सकी। इस तरह सौसर टीम 2 रन से जीत हासिल की सौसर की ओर से हर्षद सहारे ने 18 बनाए पांढुर्णा की ओर से सुशोल ने 14 रन देकर 4 विकेट लिया पांढुर्णा की ओर से सुखदेव ने 27 और आकाश ने 21 रन बनाए सौसर की ओर से आदिल ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को विजई बनाकर अगले चक्र में प्रवेश दिलाया। संगठन सचिव मुकेश सोनी क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन 10 बजे से मैच खेले जाएंगे कल शासकीय महाविद्यालय चौरई और शासकीय महाविद्यालय हरई के मध्य मैच खेला जाएगा।

परासिया से कांग्रेस विधायक के बेटे से मानसिक रूप से प्रताड़ित थी मृतिका

मायके पक्ष का आरोप, शराब पीकर आए दिन मोनिका से मारपीट करता था आदित्य

पीपुल्स संवाददाता • छिंदवाड़ा
मो.नं. 7974345421

परासिया विधानसभा के कांग्रेस विधायक सोहन वाल्मीकि के पुत्र आदित्य वाल्मीकि की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही, मोनिका के सुसाइड केस के बाद मोनिका के परिजनों द्वारा आदित्य वाल्मीकि पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दरअसल मोनिका ने गुरुवार को अपने कमरे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, इस मामले में मोनिका के परिजनों द्वारा आदित्य वाल्मीकि पर मारपीट करने से लेकर प्रताड़ित करने तक के आरोप लगाए हैं। दरअसल इस मामले में मृतिका मोनिका की बहन रितिका ने अपने जीजा आदित्य पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह मोनिका को अक्सर शराब के नशे में मारपीट करते थे। कई बार वह मोनिका को मारने तक कि धमकी देते थे और दूसरी शादी करने की बात करते थे। फिलहाल इस मामले में मोनिका के परिजनों ने चुप्पी तोड़ दी है। वहीं अब पुलिस द्वारा इस मामले में परिजनों के बयान के आधार पर आदित्य वाल्मीकि पर मामला दर्ज किया जाएगा। इस मामले में अब तक परासिया विधायक सोहन वाल्मिकी का किसी भी प्रकार का कोई बयान सामने नही आया है।

बीपी बढ़ जाने की शिकायत कर परिजनों को बुलाया

मृतिका मोनिका की बहन रितिका ने बताया कि मोनिका के ससुराल वालों द्वारा यह बताया गया कि उसका बीपी बढ़ गया है। इसलिए आप लोग परासिया आ जाइए। लेकिन यहां आने के बाद पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। रितिका का आरोप है कि मोनिका ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या की गई है।

तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम

मोनिका वाल्मीकि की मौत के बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल में मोनिका का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान वीडियो भी बनाया गया है। इस दौरान संचिता उइके गायनोलॉजिस्ट, डॉक्टर वर्मा मेडिकल ऑफिसर, डॉक्टर संदीप बोहोते शामिल थे। इसके बाद परिजनों ने मोनिका के शव को इटारसी लेकर चले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

शरीर मे हैं चोट के निशान

रितिका ने आदित्य पर आरोप लगाते हुए बताया कि जब उन्होंने मोनिका को देखा तो उसके शरीर पर चोट के निशान थे, गर्दन पर निशान सहित हाथ पैर पर भी निशान देखे गए हैं। दरअसल परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर जहां इस मामले ने नया करवट ले लिया है तो वहीं परासिया विधायक सोहन वाल्मिकी की मुसीबतें बढ़ रही हैं।

परिजनों के कथन लिए गए हैं, उनके आरोप के आधार पर मामला पंजीबद्ध किया जाएगा। परिजनों द्वारा मारपीट सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।
जितेंद्र जाट, एसडीओपी, परासिया

खुले में मांस और मछली बेचने वालों को बैठक में दिए गए निर्देश

सौंसर। प्रदेश सरकार द्वारा खुले में पशु मास एवं मछली विक्रय करने वाले तथा धार्मिक स्थलों पर तेज ध्वनि साउंड बजाने डीजे वालों को संबंध में थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर तथा अन्य संस्था के अध्यक्ष तथा मटन मछली तथा के व्यापारियों को जो खुले में बिक्री करते है। संबंधित को बैठक में बुलाया गया तथा प्रशासन द्वारा शासन के आदेश निर्देश का पालन कर बताया कि यह बिक्री अपने निर्धारित स्थान पर करना है तथा खुले में कोई भी मांस मछली नहीं बेचेंगे साथ ही बिना लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन नहीं करेंगे साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा जो नियम आदेशित किया गए हैं उसे नियम को पालन करते हुए कार्रवाई की जाएगी साथ ही जो भी मांस मछली बिक्री करने वाले दुकानदार है, उन्हें सभी नियमों का पालन करना होगा। इस संबंध में अनु विभाग की राजस्व अधिकारी अंकित त्रिपाठी एवं अनु विभागीय पुलिस अधिकारी श्री नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। इस बैठक में थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, तहसीलदार श्री आदमे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भूतड़ा निवास पे लगे भगवान श्री कृष्णा जी को छप्पन भोग

पीसं, सौंसर। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामाजिक कार्यकर्ता निहाल भूतड़ा के निवास पर भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान सभी परिवार और समाज के लोग उपस्थित थे।

सरकारी जमीन पर नगर पालिका की फेंसिंग, फिर भी लोग कर रहे कब्जा

पीसं,चौरई। नगरपालिका चौरई अतिक्रमणों को हटाने में असमर्थ हो जाती अगर थोड़ा लेट होती तो नगरपालिका के अधिकारियों के तवरित कार्यवाही का अतिक्रमणकारियों पे कसी नाकेल नहीं तो भरपूर फायदा उठाया जा सकता था। कभी अपने घरों के आस-पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण तो कभी अतिक्रमणकारियों द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के आस-पास पड़ी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लेते है। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान न देने से उचित कदम न उठाने से और न ही इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई करने से हौसले बुलंद हो जाते। यही देखा गया इसके चलते नगरपालिका क्षेत्र मे एम पी ई बी के पास इन दिनों वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं।

इन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित की गई फेसिंग को तोड़ कर निजी जमीन बताकर कब्जा और हालाफ नामा साथ साथ पालिका के फेसिंग लगे स्थान पर भी धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा था। लेकिन अतिक्रमण कारियों के मनसूबे पर पानी फेर दिया गया। नगर पालिका सीएमओ अभय राज सिंह, इंजीनियर शेख कुरैशी, राजेश निर्मलकर और नगर पालिका समस्त स्टाफ द्वारा दस्तावेज मांगने पर किसी अन्य स्थान की जमीन का खसरा नंबर बताया गया, जिसमें स्थान पर जाकर पटवारी नीरज वर्मा के द्वारा पंचनामा बनाकर नगर पालिका की जमीन ही बताई गई। अब आगे यह देखना है नगर पालिका उसे जमीन को लेकर अपने आपको कितनी अतिक्रमणकारियों एवं भू माफिया से बचाकर रख सकती है।

सिवनी रोड चौहारी नाला के पास खुले में लगने वाले मटन मार्केट को हटाने आगे आए भाजपा नेता

नगरनिगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही करने की गई मांग

पीसं,छिंदवाड़ा। भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा यह निर्देश दिए गए है कि बिना अनुमति खुले में बिकने वाले मास मटन के मार्केट एवं मछली, अंडे की दुकानों को त्वरित कार्यवाही कर बंद किया जाए एवं हटाकर आबादी क्षेत्र से बाहर किया जाए। उक्त आदेश के पश्चात प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है।

छिंदवाड़ा में भी मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों को लागू करने हेतु नगर निगम कार्यालय पहुंचकर भाजपा नेताओं द्वारा निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया कि सिवनी रोड स्थित चौहारी नाला पदम कॉम्पलेक्स के पास एवं रेलवे की बाउंड्री में बिना अनुमति हाईवे के दोनों ओर मटन एवं मछली की बिक्री बिना अनुमति के खुले में की जा रही है। खुले में बिक्री होने के कारण वहां से आने जाने वाले एवं क्षेत्र के रहवासियों को मास मटन से खुले में फैलने वाली गंदगी एवं दुर्गंध के कारण विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं एवं आसपास धार्मिक स्थल होने के कारण इससे धार्मिक भावनाएं भी आहत होने की समस्या के बारे में अवगत कराया गया साथ ही जानकारी दी गई कि आवारा कुत्तो को भी आसपास फैलने वाली गंदगी के कारण मिलने वाले मास के टुकड़ों से वे भी खूंखार होकर वहां से गुजरने वाले लोगों एवं रहवासियों पर जानलेवा हमला करते है जिससे कई बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है । शुक्रवार को भाजपा नेताओं नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, शिव मालवी, अभिलाष गोहर, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, पार्षद गरिमा दामोदर, बलराम साहू, राहुल उईके, भारत घई, राकेश माईकल पहाड़े, प्रतीक दामोदर, कृपाशंकर सूर्यवंशी, विजय नामदेव, अरूण गद्दे एवं अन्य रहवासियों द्वारा खुले में लगने वाले मटन मार्केट एवं अंडे, मछली की दुकानों को हटाने हेतु नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही करने हेतु मांग की गई ।

एनएसएस के जिला संगठक पद पर नियुक्त हुए प्रो. नाफड़े

पीसं,छिंदवाड़ा। एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय एवं म प्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के राज्य एनएसएस डॉ. आर के विजय, के आदेशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अशोक कुमार मराठे की अनुशंसा पर डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा के एनएसएस प्रभारी प्रो रविंद्र नाफड़े को सत्र 2023-24 जिला संगठक पद पर नियुक्त किया गया। श्री नाफड़े छिंदवाड़ा जिले में संचालित एन एस एस इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु दायित्व सौंपा गया है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल, कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. कामना वर्मा एवं समस्त प्राध्यापक गण जिले की एन एस एस इकाई के समस्त कार्यक्रम अधिकारीयों ने सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं।

बेरड़ी सड़क की हालत हुई दयनीय, हो रहे हादसे

सौंसर। तहसील मुख्यालय से ग्राम बेरड़ी तक जाने वाले 3 किलोमीटर सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं, जिससे प्रायः दुर्घटनाएं होते रहती है। वाहन चालक भी ठीक से वाहन नहीं चला पाते। इस संबंध में जनता ने प्रशासन का ध्यान कई बार आकर्षित भी कराया है। एसडीएम अंकिता त्रिपाठी ने बताया कि इस रोड़ निर्माण कार्य को शासन द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। टेंडर भी निकल गया है, ठेकेदार को कार्य करने निर्देश दिए गए हैं।

कॉलेज में विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं प्रोफेसर

बिछुआ। शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के विधार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूरदराज से आते है। मगर यहां पदस्थ प्रोफेसर प्रतिदिन छिंदवाड़ा से अप-डाउन कर रहे हैं। जो प्रतिदिन कालेज में दो - तीन घण्टें लेट पहुंचते हैं और समय पूर्व कॉलेज से चले जाते हैं। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा कॉलेज प्राचार्य से कि गई है। मगर इस पर अभी तक प्रोफेसर द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे विधार्थियों का भविष्य अंधकारमय है।

दिव्यांगजन दिवस पर समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

पीपुल्स संवाददाता • पांढुर्णा
editor@peoplessamachar.co.in

कैरिटास इंडिया द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन 15 दिसम्बर को इंदिरा भवन में हर्सोल्लास से साथ किया गया। यह कार्यक्रम कैरिटास इंडिया द्वारा पाण्डुर्णा जिले के 38 ग्रामों में संचालित किए जा रहे समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आशा फाउण्डेशन पांढुर्णा, दिशा जिला स्तरीय दिव्यांग संगठन छिन्दवाड़ा एवं सौंसर एवं पांढुर्णा के विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग संगठनों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लता तुमडाम अध्यक्ष जनपद पंचायत पाण्डुर्णा, विशेष अतिथि के रुप में संदीप घाटोडे, नगर पालिका अध्यक्ष, पांढुर्णा एवं किर्ती पठाडे सभापति जनपद पंचायत, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग से समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अनिल कडवे ने भी दिव्यांगजनों को हरसम्भव सहायता करने का विश्वास प्रदान किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संस्था ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के संस्थापक श्यामराव धवले ने अमूल्य समय देकर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकुद की गतिविधियों में भाग लेकर अतिथियों के हस्ते पुरस्कार प्राप्त किए जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नजमा शेख, द्वितीय पुरस्कार सरस्वती तुमडाम व तृतीय पुरस्कार प्राची किनकर को प्राप्त हुआ। इसी श्रृंखला में पुरुषों की लेमन रेस में प्रथम पुरस्कार हेमन्त को, द्वितीय पुरस्कार जयेस व तृतीय पुरस्कार पियुस को प्राप्त हुआ। महिलाओं की लेमन रेस में प्रथम पुरस्कार सत्यकुला को, द्वितीय पुरस्कार दिक्षीता व तृतीय पुरस्कार दिशा को प्राप्त हुआ। चेयर रेस में प्रथम पुरस्कार रविन्द्र को, द्वितीय पुरस्कार निखिलेश व तृतीय पुरस्कार हरीश को प्राप्त हुआ। साथ ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुती के लिए चाटवा ग्राम के दिव्यांग बच्चों के सपोर्ट ग्रुप माधुरी को पुरस्कृत किया गया।

सहायक उपकरण किया गया प्रदान

विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में कैरीटास इंडिया द्वारा ग्रामीण समुदाय में दिव्यांगजनो के पुनर्वास के लिए कार्यरत शिक्षा प्रदाता स्वयसेवक कविता इवनाती एवं सुरज बागडे को गांव में निवासरत गंभीर दिव्यांग बच्चों को गृह आधारित नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग के माध्यम से 01 दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। साथ ही शासन की दिव्यांगजन हितैसी योजनाओं के बारे में समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अनिल कडवे द्वारा अवगत कराया गया एवं लाभ प्राप्त करने के लिए यथासम्भव सहयोग करने का विश्वास प्रदान किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में कैरीटास इंडिया की प्रोग्राम एक्सटेंशन एसोसिएट प्रीति शर्मा एवं कम्युनिटी एज्युकेटर हर्शा हिवरे, रोशन पोतदार व गणपति भादे ने सक्रिय भागीदारी निभाई साथ ही आशा फाउण्डेशन पांढुर्णा की संस्थापक संध्या ढगे द्वारा अमुल्य योगदान प्रदान किया।

ICICI Home Finance
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एवाएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, प्लाट नं.46, आहूजा टॉवर, नेपियर टाउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन, जबलपुर-482001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए सांकेतिक विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्र मांक	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/वानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	विनयकांत उईके (ऋणकर्ता) सीताराम उईके (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHJBL00001291513	प्लाट नं.21 खसरा नंबर 41/1/2 स्थित मौजा देवर्धा बी. नं. 274 पीएच नं. 42 सर्वल इकलबेहरी, तहसील मोहखेड जिला छिंदवाड़ा	रू. 7,62,063/- दिसम्बर 07, 2023	रू. 5,47,965/- Rs. 54,800/-	दिसम्बर 21, 2023 11:00 AM-03:00 PM	दिसम्बर 03, 2024 02:00 PM-03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन स्क्वेर टेक की वेबसाइट : मुआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com/ पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वाली/नोटिस को 02 जनवरी 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, प्लाट नं. 46, आहूजा टॉवर, नेपियर टॉउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001 में 02 जनवरी 2024 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) अरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, प्लाट नं. 46, आहूजा टॉवर, नेपियर टॉउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001 को 02 जनवरी 2024 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) छिंदवाड़ा- में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नोएसलैंस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/
दिनांक : दिसम्बर 16, 2023
स्थान : छिंदवाड़ा
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड